- हालाँकि, परियोजना में कथित तौर पर ₹ 15.55 लाख व्यय किए गए, दो बिल (क्रमांक 198 दिनांक 05.09.2022 तथा क्रमांक 199 दिनांक 02.12.2022) संदिग्ध प्रतीत हुए। दोनों बिलों के बीच लगभग तीन माह का अंतराल होने के बावजूद, एक ही आपूर्तिकर्ता द्वारा जारी इन बिलों के क्रमांक क्रमागत थे, जिससे यह संदेह उत्पन्न होता है कि संभवतः दोनों बिल एक ही दिन में तैयार किए गए होंगे अथवा बिलों में दर्शायी गई सामग्री वास्तव में क्रय नहीं की गई होगी।



चित्र-5.14 बिल संख्या 198 दिनांक: 05.09.2022।



चित्र-5.15: बिल संख्या 199 दिनांक: 02.12.2022।

- इसके अतिरिक्त, यह भी पाया गया कि बिल संख्या 200 दिनांक 12.11.2022 को जारी किया गया, जो बिल संख्या 199 (दिनांक 02.12.2022) से पूर्व का था। यद्यपि दोनों बिल एक ही आपूर्तिकर्ता से थे। बिलों का यह अनियमित क्रम मानक बिलिंग प्रथाओं के विपरीत है, जिसके अनुसार बिल क्रमांक कालानुक्रमिक क्रम में होना चाहिए। ये अनियमितताएं अभिलेखों में हेराफेरी करके व्यय को बढ़ाने या धन का दुरुपयोग करने के प्रयास की ओर इंगित करती हैं।



चित्र-5.16: बिल संख्या 199 दिनांक: 02.12.2022।



चित्र-5.17 बिल संख्या 200 दिनांक: 12.11.2022।

- कोसी पुनर्जीवन अभियान के अंतर्गत, सामग्री पर ₹ 4.97 लाख का व्यय किया गया, जिसमें 897 कुंतल रेत एवं बजरी सम्मिलित थी। इसी प्रकार, मनरेगा घटक के अंतर्गत सामग्री पर ₹ 5.22 लाख का व्यय किया गया, जिसमें 1608 कुंतल रेत एवं बजरी सम्मिलित थी। तथापि, रॉयल्टी की राशि ₹ 17,535 (₹ सात प्रति

क्विंटल की दर से आगणित) तथा ₹ 4,384 (जिला खनिज फाउंडेशन हेतु कुल रॉयल्टी का 25 *प्रतिशत*) की कटौती नहीं की गई। यह उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 842/ VII-1/2016 का उल्लंघन था, क्योंकि आपूर्तिकर्ताओं द्वारा प्रपत्र-'जे' प्रस्तुत नहीं किया गया था।

- संपूर्ण सामग्री की खरीद 2022-23 में की गई थी। तथापि ₹ 0.17 लाख की टी डी एस (जी एस टी) एवं ₹ 0.17 लाख की टी डी एस (आयकर) की कटौती नहीं की गई, जो क्रमशः वस्तु एवं सेवा कर अधिनियम की धारा 51 तथा आयकर अधिनियम की धारा 194(C) का उल्लंघन है।

सरोवर के भौतिक निरीक्षण (28.09.2024) मे तकनीकी अनुपालन एवं योजना में गंभीर त्रुटियाँ पाई गईं, जिसके परिणामस्वरूप 15.55 लाख के व्यय के बावजूद अपेक्षित परिणाम प्राप्त नहीं हो सके। देखे गए मुख्य बिंदु थे:

❖ **तकनीकी दिशानिर्देशों का अनुपालन न किया जाना**

- परियोजना के आगणन में कैचमेंट क्षेत्र का सीमांकन, रनऑफ की गणना, इनलेट चैनल, सिल्ट ट्रैप तथा स्थिर चिनाई संरचनाओं जैसे आवश्यक प्रावधानों को न तो सम्मिलित किया गया और न ही निर्माण कार्य के दौरान इनका निष्पादन किया गया।

चित्र-5.18: ग्राम पंचायत मटेना में अमृत सरोवर का निर्माण जिसमें इनलेट चैनल और सिल्ट ट्रैप का अभाव दिख रहा है (28.09.2024)।

- भारत सरकार के दिशानिर्देशों का पालन न करने से सरोवर की कार्यक्षमता और दक्षता प्रभावित हो सकती है।

❖ **अप्रभावी जल प्रबंधन**

- समुचित कैचमेंट सीमांकन एवं इनलेट चैनलों के अभाव के कारण जल का अनियंत्रित प्रवाह हो सकता है, जिससे मृदा अपरदन, गहरी नालियों का निर्माण तथा जल धारण क्षमता में कमी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

चित्र-5.19: सरोवर में गाद का दृश्य (28.09.2024)।

- सिल्ट ट्रैप्स के अभाव में सरोवर में गाद का भराव इसकी जल भंडारण क्षमता को कम कर सकता है तथा अनुरक्षण लागत में वृद्धि कर सकता है।

❖ **संरचनात्मक कमियाँ**

- तटबंध के किनारों पर बर्म्स न होने से अपरदन के अधिक होने से सरोवर पर खतरा हो सकता है एवं उसकी स्थायित्व क्षमता से समझौता हो सकता है।
- स्थिर चिनाई इनलेट, आउटलेट एवं स्लूस के निर्माण में की गई चूक से जल का अनियंत्रित निकास, तटबंध के टूटने का जोखिम तथा वर्षा ऋतु में कार्यक्षमता में कमी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

❖ **खराब योजना एवं स्थल चयन**

- सरोवर का निर्माण ऐसे स्थान पर किया गया था जहाँ समीपवर्ती कोई भी कृषियोग्य भूमि उपलब्ध नहीं थी, जिससे यह सिंचाई हेतु भी अनुपयुक्त था।
- समुचित सड़क संपर्क के अभाव में इस स्थल की पर्यटन अथवा सामुदायिक उपयोग की संभावनाओं को सीमित किया।

❖ **अन्य टिप्पणियाँ**

- सरोवर के भीतर उगी वनस्पति इसके अप्रभावी जल प्रबंधन को उजागर करती है।
- सीमित जल भंडारण क्षमता इस परियोजना के खराब निष्पादन को इंगित करती है।

ये बिन्दु अपर्याप्त नियोजन, खराब स्थल चयन और तकनीकी दिशानिर्देशों के गैर-अनुपालन को दर्शाते है, जिसके परिणामस्वरूप यह परियोजना बड़े पैमाने पर अनुपयोगी सिद्ध हुई। यह प्रकरण सार्वजनिक अवसंरचना परियोजनाओं में सतत परिणाम सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी मानदंडों और प्रभावी नियोजन के महत्व को रेखांकित करता है।

बहिर्गमन गोष्ठी (जनवरी 2025) के दौरान, सचिव, ग्रा वि वि ने आश्वासन दिया कि प्रकरण की पूरी तरह से जाँच की जाएगी और उत्तरदायी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

5.4.2.3 डमस्क गुलाब का संदिग्ध वृक्षारोपण

ताकुला विकास खण्ड की ग्रा पं इसलना में डमस्क गुलाब की खेती (वर्क कोड: 3507007034/डीपी/2008057933) का कार्य ₹ 1.89 लाख 2019-20 में स्वीकृत किया गया था। यह कार्य ₹ 0.96 लाख व्यय के पश्चात 06.07.2020 को पूर्ण हुआ।

इस परियोजना का उद्देश्य गुलाब की खेती को बढ़ावा देना था, जिसमें विभागीय हिस्सेदारी ₹ 0.54 लाख (पौधों की आपूर्ति हेतु सुगंध पौध केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई गयी) और अकुशल श्रमिकों के लिए ₹ 1.27 लाख और सामग्री के लिए ₹ 0.06 लाख का आवंटन मनरेगा से किया गया, जिसमें गड्ढे खोदना, रोपण, रख-रखाव आदि कार्य सम्मिलित थे। तकनीकी स्वीकृति सितम्बर 2019 में प्राप्त हुई।

चित्र-5.20: ग्रा पं ईसलना में डमस्क गुलाब की खेती का कार्य (09.10.2024)।

चित्र-5.21: कार्य पूर्ण होने के बाद की जियोटैग्ड तस्वीर। (23.11.2021)।

भौतिक निरीक्षण (09.10.2024) के दौरान, परियोजना की योजना से महत्वपूर्ण विचलन देखे गए, जैसे कि:

• कार्यस्थल पर कोई भी डमस्क गुलाब का पौधा जीवित नहीं पाया गया, और न ही रोपण के लिए कथित तौर पर खोदे गए 2,700 गड्ढों के कोई साक्ष्य मिले।

• 23.11.2021 की अपलोड की गई जियोटैग फोटो (कार्य पूर्ण होने के बाद) के विश्लेषण में पाया गया कि किसी भी खोदे गए गड्ढे और डमस्क गुलाब के रोपण के कोई साक्ष्य भी नही थे।

• वित्तीय अभिलेखों में भी विसंगतियाँ सामने आई। माप पुस्तिका (एम बी) के अनुसार मनरेगा के अंतर्गत अकुशल श्रम के लिए ₹ 1.06 लाख का व्यय दिखाया गया था। हालाँकि, मस्टर रोल के साथ सत्यापन से पता चला कि श्रमिकों को मज़दूरी के भुगतान पर केवल ₹ 0.96 लाख का व्यय किया गया था, ₹ 0.10 लाख की विसंगति अभिलेखीकरण और रिपोर्टिंग में कमियों को उजागर करती है।

उपरोक्त अवलोकन अनुमोदित परियोजना योजना के गैर-अनुपालन का संकेत देती है, जिससे सूचित किए गए कार्य की प्रमाणिकता और परियोजना उद्देश्यों के पालन के बारे में संदेह उत्पन्न होता है।

बहिर्गमन गोष्ठी (जनवरी 2025) में, सचिव, ग्रा वि वि ने आश्वासन दिया कि प्रकरण की पूर्ण जाँच की जाएगी और उत्तरदायी अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी।

5.5 कार्यस्थल सुविधाएँ प्रदान न करना

परिचालन दिशानिर्देश का प्रस्तर 7.12 सुरक्षित और अनुकूल कार्य वातावरण सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्यस्थल सुविधाएँ प्रदान करने के महत्व को रेखांकित करता है। यह अधिदेशित करता है कि कार्यस्थल पर पूर्ण रूप से सुसज्जित प्राथमिक चिकित्सा बॉक्स उपलब्ध हो, जिसमें कालातीत दवाइयाँ नहीं होनी चाहिए एवं पर्याप्त पेयजल की आवश्यकता को दर्शाता है, जिसमें कुछ प्रकरणों में दूरस्थ के स्रोतों से पानी लाने के लिए ट्रॉलियों का उपयोग करना पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, यदि किसी कार्यस्थल पर महिला श्रमिकों के साथ छः वर्ष से कम आयु के पाँच या अधिक बच्चे हों, तो शिशुगृह का प्रावधान अनिवार्य है। प्रस्तर 7.12.5 के अनुसार, ऐसी सुविधाओं पर होने वाले समस्त व्यय को कार्य पर भारित करने के स्थान पर प्रशासनिक व्यय के अंतर्गत दर्ज किया जाना चाहिए।

हांलाकि, चयनित कार्यस्थलों के अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि इन अनिवार्य सुविधाओं का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया। कार्यस्थल पर सुविधाओं की उपलब्धता पर कोई व्यय नहीं किया गया, जो इन आधारभूत प्रावधानों की उपेक्षा को दर्शाता है। 200 प्रतिभागियों पर किये गये लाभार्थी सर्वेक्षण के निष्कर्षों ने इस कमी को उजागर किया।

- 100 *प्रतिशत* उत्तरदाताओं ने अपने-अपने स्थलों पर शेड सुविधाओं और प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं के अभाव की पुष्टि की, यद्यपि 95 *प्रतिशत* द्वारा पर्याप्त पेयजल सुविधाओं की उपलब्धता होना बताया गया।

दिशानिर्देशों के अनुपालन मे विफलता न केवल परिचालन संबंधी अधिदेशों का उल्लंघन है, अपितु श्रमिकों की स्वास्थ्य और प्रतिष्ठा को भी खतरे में डालता है। इसके अतिरिक्त, प्राथमिक चिकित्सा और आश्रय जैसी बुनियादी सुविधाओं का अभाव एक प्रणालीगत

उपेक्षा को दर्शाता है जो कार्यस्थलों पर सुरक्षा एवं लोकहित सुनिश्चित करने के उद्देश्य को कमजोर करता है।

5.6 बिलों/वाउचरों का सत्यापन न किया जाना

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के नियम 7.11.5 में यह प्रावधान है कि यदि कोई कार्य प्रगति पर हो, तो उक्त कार्य में श्रम कर रहे श्रमिकों में से साप्ताहिक चक्रानुक्रम के आधार पर, कम से कम पाँच श्रमिक, सप्ताह में न्यूनतम एक बार अपने कार्यस्थल के सभी बिलों/वाउचरों का सत्यापन और प्रमाणीकरण करेंगे।

चयनित ग्रा पं के अभिलेखों की जाँच से बिलों एवं वाउचरों के सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की प्रक्रिया के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण कमी उजागर हुई। इस कमी ने वित्तीय निगरानी के तंत्र में एक गंभीर कमी को उजागर किया, जिससे पारदर्शिता, ज़िम्मेदारी और स्थापित नियमों का पालन कमजोर पड़ सकता है। इस प्रकार,यह आवश्यक था कि वित्तीय अभिलेखों का समुचित परीक्षण एवं प्रमाणीकरण सुनिश्चित किया जाता, ताकि जमीनी स्तर पर वित्तीय लेन-देन की सत्यता एवं अखंडता बनी रहे, इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का बड़े पैमाने पर अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया।

5.7 मनरेगा परियोजनाओं में खनिज उत्खनन नीति का अनुपालन न किया जाना

उत्तराखण्ड उप-खनिज (बालू, बजरी, बोल्डर) उत्खनन नीति, 2016 की धारा 23 (2) के अनुसार, सरकारी निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाले स्थानीय खनिज जैसे बोल्डर, पत्थर एवं बजरी के उत्खनन एवं उपयोग का निरीक्षण तथा मूल्याँकन जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जाना अनिवार्य है। आवश्यक अनुमतियाँ जिलाधिकारी द्वारा स्वीकृत की जानी है।

हालाँकि, लेखापरीक्षा में पाया गया कि नमूना जाँच हेतु चयनित ग्रा पं द्वारा मनरेगा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में उक्त नीति का अनुपालन सुनिश्चित नहीं किया गया। सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक अनुमति प्राप्त किए बिना स्थानीय खनिजों का उपयोग किया गया। यद्यपि माप पुस्तिकाओं में इन खनिजों की रॉयल्टी का उल्लेख किया गया था एवं धनराशि को राजकीय राजकोष में हस्तांतरण हेतु विकास खण्ड अधिकारी द्वारा प्रबंधित एक समर्पित बैंक खाते में जमा किया गया था, यह देखा गया कि कार्यक्रम अधिकारी द्वारा 29 प्रकरणों ***(परिशिष्ट-5.4)*** में कुल ₹ 6.38 लाख की रॉयल्टी की कटौती करने मे विफल रहा। यह त्रुटि निर्धारित दिशानिर्देशों के गैर-अनुपालन तथा पर्यवेक्षण की कमी को दर्शाती है, जिसके परिणामस्वरूप सरकार को संभावित राजस्व

हानि हुई। इस प्रकार, भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति से बचने हेतु अनुपालन उपायों के कठोरता से लागू करने की आवश्यकता है।

चयनित विकास खण्डों के उत्तर प्राप्त होने शेष हैं।

5.8 मजदूरी और सामग्री मदों का भुगतान

(अ) नरेगा-2005 की अनुसूची-I के प्रस्तर 16 में अधिदेशित है कि भुगतान मस्टर रोल (म रो) बंद होने के तीन दिनों के भीतर किसी अधिकृत व्यक्ति द्वारा कार्यस्थल पर लिए गए माप के आधार पर किया जाना चाहिए। राज्य सरकार द्वारा समय पर काम पूरा करने हेतु पर्याप्त तकनीकी कर्मियों की व्यवस्था की जानी चाहिए। हालाँकि, विभिन्न विसंगतियाँ पायी गईं:

i. **मजदूरी का भुगतान न किया जाना:** सात ग्रा पं के 12 कार्यों में 224 दिनों तक काम करने वाले 29 श्रमिकों को कार्य किए जाने के उपरान्त भी कुल ₹ 46,237 की मजदूरी का भुगतान नहीं किया गया ***(परिशिष्ट-5.5)***।

ii. **मस्टर रोल गायब पाया जाना:** 879 दिनों की उपस्थिति के लिए 83 श्रमिकों को ₹ 1.73 लाख का भुगतान किया गया; हालाँकि, वास्तविक उपस्थिति को सत्यापित करने हेतु मस्टर रोल (म रो) अभिलेखों से गायब पाये गए ***(परिशिष्ट-5.6)***।

iii. **डुप्लीकेट मस्टर रोल:** समान श्रमिकों एवं अवधि हेतु अलग-अलग उपस्थिति दर्ज करने हेतु मस्टर रोल का अनेक बार उपयोग किया गया:

- **म रो संख्या 9877 (ग्रा पं अखोड़ी):** एक प्रति में तीन श्रमिकों की 22 दिनों की उपस्थिति दर्ज की गई, जबकि दूसरी प्रति में सात श्रमिकों की 72 दिनों की उपस्थिति दर्ज की गई। भुगतान दूसरी प्रति के आधार पर किया गया।
- **म रो संख्या 5755 (ग्रा पं बनचुरी):** एक प्रति में एक श्रमिक की 9 दिनों की उपस्थिति दिखाई गई; दूसरी प्रति में 13 दिनों की उपस्थिति दिखाई गई एवं 13 दिनों का भुगतान किया गया।
- **म रो संख्या 5754 (ग्रा पं बनचुरी):** एक प्रति में 10 श्रमिकों की 80 दिनों की उपस्थिति दर्ज की गई, जबकि दूसरी प्रति में 130 दिनों की उपस्थिति दिखाई गई एवं 130 दिनों का भुगतान किया गया। ये दोहराव संभावित हेरफेर, अनुपयुक्त सत्यापन और संभावित अधिक भुगतान का संकेत देते हैं, जिससे धोखाधड़ी की आशंका बढ़ जाती है। उदाहरण नीचे दिए गए **चित्र-5.22** में दिखाया गया है:

मस्टर रोल संख्या 5,754 का दो बार उपयोग



चित्र-5.22: मस्टर रोल संख्या 5,754 का उपयोग भिलंगना विकास खण्ड के ग्रा पं बनचुरी में सीसी मार्ग के निर्माण में किया गया (वर्क कोड: 3013002196/आर सी/2008079196)

iv. **पूर्व दिनांकित उपस्थिति दर्ज अभिलेख:** छः ग्रा पं के 21 कार्यों में, 66 मस्टर रोल कार्य प्रारंभ होने के बाद जारी किए गए। फिर भी 2,609 दिनों की उपस्थिति, जिसकी कुल धनराशि 5.45 लाख थी, मस्टर रोल जारी होने से पहले की तिथियों में दर्ज की गई। उक्त पूर्व तिथियों की प्रविष्टियों को उचित ठहराने संबंधित कोई प्रमाण नहीं पाया गया, जिससे उनकी वैधता संदिग्ध प्रतीत होती है ***(परिशिष्ट-5.7)***।

v. **विलंबित भुगतान:**

- 147 कुशल/अर्ध-कुशल श्रमिकों की मजदूरी 33 से 569 दिनों तक विलंबित हुई, औसतन 176 दिनों का विलंब हुआ ***(परिशिष्ट-5.8)***।
- 162 प्रकरणों में सामग्री के भुगतान में 10 से 536 दिनों तक विलंब हुआ, औसतन 202 दिनों का विलंब हुआ। 160 प्रकरणों में, बिल की तिथि के उपरान्त एक से 525 दिनों (औसतन 145 दिनों) के मध्य विलंब से निधि हस्तांतरण आदेश (नि ह आ) जारी किए गए ***(परिशिष्ट-5.9)***।

उपरोक्त अनियमितताएँ अनुपालन, अनुश्रवण और वित्तीय प्रबंधन में गंभीर कमियों को उजागर करती हैं, जिससे कार्यक्रम के उद्देश्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं धन के दुर्विनियोग का जोखिम बढ़ता है।

बहिर्गमन गोष्ठी (जनवरी 2025) में, सचिव, ग्रा वि वि ने संबंधित जिलों के मु वि अ/जि वि अ को इन प्रकरणों की जाँच के साथ-साथ अन्य विकास खण्डों जो लेखापरीक्षा

नमूने का हिस्सा नहीं थे, में भी उक्त प्रकार के प्रकरणों की जाँच करने तथा उत्तरदायी कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

5.9 राष्ट्रीय मोबाइल निगरानी प्रणाली का कार्यान्वयन

मनरेगा के कार्यान्वयन में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, भारत सरकार द्वारा 21 मई 2021 को कार्य स्थल पर उपस्थिती दर्ज करने हेतु प्रावधान प्रारम्भ किया गया है, जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय मोबाइल अनुश्रवण प्रणाली (एन एम एम एस) एप के माध्यम से एक दिन में दो मुहर और जियोटैग वाली फोटोग्राफ के साथ 20 या अधिक श्रमिकों के लिए मस्टर रोल जारी किए जाते है। इसके बाद भारत सरकार की अधिसूचना संख्या के अनुसार, फाइल जे-11060/2/2021-आर.ई-VI (374151) दिनांक 23.12.2022 के अनुसार, कार्यस्थलों का रा मो नि प्र ऐप, जहाँ 20 या अधिक श्रमिकों के लिए मस्टर रोल जारी किए जाते हैं, को भारत सरकार द्वारा 16 मई 2022 से मैनुअल उपस्थिति को समाप्त करके अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त, सभी कार्यस्थलों के लिए एन एम एम एस ऐप उपस्थिति दर्ज करने का प्रावधान (व्यक्तिगत लाभार्थी योजना/परियोजना को छोड़कर) 01 जनवरी 2023 से लागू किया गया है।

राज्य में एन एम एम एस कार्यान्वयन की स्थिति नीचे **तालिका-5.1** में दी गई है:

तालिका-5.1 एन एम एम एस कार्यान्वयन की स्थिति

वर्ष	कुल ग्रा पं	पात्र (ग्रा पं जिसमे >=20 श्रमिकों के साथ कम से कम एक कार्यस्थल है) ग्रा पं	एन एम एम एस के लिए पात्र ग्राम पंचायतें लेकिन उपकरणों का पंजीकृत न होना	रा मो नि प्र तथा पंजीकृत उपकरण के लिए पात्र ग्राम पंचायतें	पंजीकृत उपकरणों से युक्त ग्राम पंचायतें परंतु एन एम एम एस का आरंभ न किया जाना (प्रतिशतता)
2021-22	7,823	4,949	192	4,757	4,297 *(87)*
2022-23	7,803	6,403	207	6,196	2,736 *(43)*
2023-24	7,798	7,339	241	7,098	244 *(03)*

स्रोत: नरेगासॉफ्ट पर उपलब्ध आँकड़े।

उपर्युक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि राज्य ने ग्रा.पं. को एन एम एम एस के अंतर्गत लाने के लिए अच्छा काम किया है। इसके अतिरिक्त, लेखापरीक्षा में पाया गया कि एन एम एम एस ऐप के माध्यम से दर्ज की गई उपस्थितियां, उपस्थिति की तारीख से 15 दिनों के बाद नरेगासॉफ्ट में दिखाई नहीं दे रही थी। लेखापरीक्षा में एन

एम एम एस ऐप के माध्यम से की गई उपस्थिति में विसंगतियां पाई गईं, जिन पर नीचे चर्चा की गई

- नरेंद्र नगर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत पाली द्वारा 04 अगस्त 2024 को मस्टर रोल संख्या 1,146 और 03 अगस्त 2024 को मस्टर रोल संख्या 1,145 की सुबह की उपस्थिति के लिए, उसी तस्वीर का उपयोग किया गया था।



चित्र-5.23: 03 अगस्त 2024 को मस्टर रोल संख्या 1,145 मे अपलोड की गयी वही तस्वीर दिखती हुई।



चित्र-5.24: मस्टर रोल संख्या 1,146 मे 04 अगस्त 2024 को अपलोड की गयी वही तस्वीर दिखाती हुई।

- ❖ भिलंगना विकास खण्ड की ग्राम पंचायत अखोड़ी द्वारा 16 जुलाई 2024 को मस्टर रोल संख्या 1,389 के लिए मात्र सुबह के सत्र की तस्वीर अपलोड की गई थी जिसमें केवल उँगली दिखाई गई थी, शाम के लिए कोई तस्वीर अपलोड नहीं की गई थी।

चित्र-5.25: ग्रा. पं अखोड़ी मे 16 जुलाई 2024 के मस्टर रोल संख्या 1,389 के लिए केवल सुबह की तस्वीरें अपलोड की।

बहिर्गमन गोष्ठी (जनवरी 2025) मे, सचिव, ग्रा वि वि ने सूचित किया कि सुधारात्मक उपाय कार्यान्वित किए जा रहे हैं।

5.10 निष्कर्ष

लेखापरीक्षा ने मनरेगा के कार्यों की योजना, निष्पादन और निगरानी में खामियों को उजागर किया, जिन्होंने इसके उद्देश्यों को प्रभावित किया। मुख्य समस्याओं मे वित्तीय अनियमितताएं सम्मिलित हैं, जैसे कि बिलिंग, मस्टर रोल में असंगतियाँ और भुगतान में विलंब, जो कमजोर वित्तीय प्रबंधन और संभावित धन दुरुपयोग की संभावना को दर्शाती हैं। तकनीकी दिशानिर्देशों का पालन न किए जाने के कारण दक्षता की कमी, असंतोषजनक परिणाम और अप्रयुक्त परिसंपत्तियों का निर्माण हुआ, जिसने परियोजना के डिजाइन एवं कार्यान्वयन की कमियों को उजागर किया। अनुश्रवण तंत्र जिसमें राष्ट्रीय मोबाइल अनुश्रवण प्रणाली (एन एम एम एस) सम्मिलित है, में कमियों के परिणामस्वरूप पारदर्शिता एवं ज़िम्मेदारी में कमजोरियाँ देखी गयी। श्रमिक कल्याण के प्रति उपेक्षा, जिसमें आवश्यक कार्यस्थल सुविधाएँ उपलब्ध न कराना सम्मिलित है, मनरेगा श्रमिकों की सुरक्षा एवं प्रतिष्ठा सुनिश्चित करने में प्रतिबद्धता की कमी को प्रकट करती है।

5.11 अनुशंसाएँ

1. *उन जिलों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए जहाँ अपूर्ण कार्यों की महत्वपूर्ण प्रतिशतता है। जिला पंचायत समितियों (जि पं स) की दक्षता को सुधारने की आवश्यकता है ताकि स्वीकृत कार्यों को समय पर प्रारंभ और पूर्ण किया जा सके। नियोजित कार्य समयबद्ध तरीके से प्रारंभ और संपन्न करने के लिए ग्राम पंचायतों (ग्रा पं) को बेहतर तरीके से सुसज्जित और अनुश्रवित किया जाना चाहिए।*
2. *अतिरिक्त व्यय को रोकने के लिए यह अनुशंसित है कि निर्माण आगणन का सावधानीपूर्वक समीक्षा के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाए कि वे मनरेगा की दरों की अनुसूची के अनुरूप हों। परियोजना लागतों की तुलना क्षेत्र के समान कार्यों से करने हेतु एक बेंचमार्किंग प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए, ताकि आगणन में निष्पक्षता और सटीकता सुनिश्चित हो सके।*
3. *मजदूरी के भुगतान में विलंब को रोकने के लिए यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि निर्धारित समयसीमा के भीतर धनराशि उपलब्ध हो और वितरित की जाए। विलंब को न्यूनतम करने हेतु मजदूरी वितरण के लिए स्वचालित प्रणाली लागू की जानी चाहिए।*
4. *सभी मनरेगा कार्यों, जिसमें वृक्षारोपण गतिविधियाँ भी सम्मिलित हैं, का कठोर सत्यापन किया जाना चाहिए। यह प्रक्रिया सामाजिक लेखापरीक्षा के अनुरूप होनी चाहिए और इसमें स्थल निरीक्षण, कार्य के अभिलेखों की क्रॉस-चेकिंग और जियो-टैग की गई फोटो का प्रमाणीकरण भी शामिल होना चाहिए ताकि गतिविधियों के पूर्ण होने की पुष्टि हो सके।*

अध्याय-6
संरचनात्मक तंत्र और क्षमता निर्माण

अध्याय - 6

संरचनात्मक तंत्र और क्षमता निर्माण

कार्यक्रम कार्यान्वयन के सभी स्तरों पर पर्याप्त मानव संसाधनों का प्रावधान मनरेगा की सफलता की कुंजी है। पंचायती राज संस्थाएं (पं रा सं), विशेष रूप से ग्राम पंचायत स्तर पर मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक हैं। इन स्थानीय शासी निकायों को कार्यक्रम की विभिन्न गतिविधियों के प्रबंधन और निष्पादन के लिए पर्याप्त कर्मचारियों की आवश्यकता होती है। पर्याप्त मानव संसाधन इन जमीनी स्तर के लोकतांत्रिक संस्थानों को अपनी क्षमताओं के अनुसार सर्वोत्तम कार्य करने में सक्षम बनाती है, यह सुनिश्चित करती है कि कार्यक्रम की गतिविधियाँ सुचारू रूप से की जाती रहे और वांछित लाभ ग्रामीण आबादी तक पहुँचते रहे। यदि पं रा सं में प्रयाप्त कर्मचारी रहेंगे, तभी वह स्थानीय जरूरतों को बेहतर ढंग से पूर्ण कर सकते हैं, समय पर कार्य प्रदान कर सकते हैं और मनरेगा की समग्र सफलता में योगदान कर सकते हैं।

6.1 राज्य रोजगार गारंटी परिषद की अनुपयुक्त कार्यप्रणाली

मनरेगा अधिनियम की धारा 12 राज्य स्तर पर राज्य रोजगार गारंटी परिषद (रा रो गा प) का गठन निर्धारित है। रा रो गा प को योजना और इसके कार्यान्वयन से संबंधित सभी प्रकरणों में राज्य सरकार को सलाह देना, अनुश्रवण और शिकायत निवारण की समीक्षा करना था। रा रो गा प राज्य में मनरेगा के कार्यान्वयन पर एक वार्षिक रिपोर्ट तैयार करने के लिए भी जिम्मेदार थी जिसे राज्य विधानमंडल में प्रस्तुत किया जाना था। इसके अतिरिक्त, रा रो गा प को योजना की भौतिक और वित्तीय प्रगति की समीक्षा करने के लिए तिमाही बैठक आयोजित करनी अपेक्षित थी।

उत्तराखण्ड में रा रो गा प का गठन अगस्त 2007 में ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में 17 आधिकारिक सदस्यों और 14 गैर-आधिकारिक सदस्यों के साथ किया गया था। इसके अतिरिक्त, उत्तराखण्ड मनरेगा, 2006 के प्रस्तर 18 (1) के अनुसार, रा रो गा प के गैर-आधिकारिक सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष होगा।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि मनोनीत गैर-आधिकारिक सदस्यों का कार्यकाल समाप्त होने के कारण, 2019-24 के दौरान, रा रो गा प 29 जनवरी 2019 और 22 जनवरी 2020 (लगभग एक वर्ष) तथा 23 जनवरी 2021 और 17 जनवरी 2023 (लगभग दो वर्ष) के मध्य अस्तित्व में नहीं थी। इसके अतिरिक्त, गैर-आधिकारिक सदस्यों की नियुक्ति न होने के कारण रा रो गा प 17 जनवरी 2024 से संचालित नहीं थी। परिणामस्वरूप, रा रो गा प की 2019-24 के दौरान आपेक्षित 20 तिमाही बैठकों

के सापेक्ष मात्र चार बैठकें हुई। 2019-24 के दौरान राज्य में मनरेगा के कार्यान्वयन पर राज्य विधानमंडल में प्रस्तुत करने के लिए वार्षिक रिपोर्ट रा रो गा प द्वारा किसी भी वर्ष तैयार नहीं की गई थी। इस प्रकार, शीर्ष स्तर पर ही योजना के प्रभावी कार्यान्वयन से समझौता किया गया।

बहिर्गमन गोष्ठी (जनवरी 2025) में, सचिव, ग्रा वि वि ने आश्वासन दिया कि रा रो गा प की बैठकें निर्धारित मानदंडों के अनुसार आयोजित की जाएंगी, जो पहले कोविड-19 और अन्य बाध्यकारी कारणों से नहीं की गई थीं।

6.2 अपर्याप्त मानव संसाधन प्रबंधन

मनरेगा अधिनियम की धारा 18 में प्रावधान है कि राज्य सरकार को जिला कार्यक्रम समन्वयक (जि का स) और कार्यक्रम अधिकारी (का अ) को योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए यथावश्यक कार्मिक और तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने का अधिदेश है। राज्य स्तर पर व्यावसायिक सेवाएं प्रदान करने के लिए सहायक कर्मचारियों को अनुबंध के आधार पर भी तैनात किया जा सकता है। पदाधिकारियों की भर्ती के लिए नीति राज्य सरकार द्वारा तय की जाएगी।

उत्तराखण्ड सरकार ने शासनादेश संख्या 118/XI/08/56(38)2005-टीसी दिनांक 01 जुलाई 2009 के माध्यम से राज्य में मनरेगा के कार्यान्वयन के लिए राज्य, जिला, विकास खण्ड और ग्राम पंचायत स्तरों पर अस्थायी और नम्य पदों का सृजन किया गया।

अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि राज्य, जिला, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तरों पर विभिन्न श्रेणियों में 2,195 स्वीकृत पदों में से मात्र 1,242 कर्मचारियों को तैनात किया गया था। स्वीकृत पदों के सापेक्ष कर्मचारियों की उपलब्धता **तालिका-6.1** में दी गई है:

तालिका-6.1: विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों की कमी

स्तर	इकाइयों की संख्या	पद का नाम	स्वीकृत पद	कार्यरत	(+) आधिक्य/ (-) कमी (प्रतिशतता)
राज्य		कार्यकारी निदेशक	1	1	-
		कार्यक्रम समन्वयक	1	1	-
		अधिशासी अभियंता	1	0	(-) 1 (100)
		सांख्यिकीय/अनुसंधान अधिकारी	1	0	(-) 1 (100)
		सहायक अभियंता	2	0	(-) 2 (100)
		कनिष्ठ अभियंता (क अभि)	2	0	(-) 2 (100)
		वरिष्ठ लेखाकार	1	1	-
		कंप्यूटर प्रोग्रामर	1	1	-
		कंप्यूटर सहायक	1	2	(+) 1 (100)

स्तर	इकाइयों की संख्या	पद का नाम	स्वीकृत पद	कार्यरत	(+) आधिक्य/ (-) कमी (प्रतिशतता)
		कनिष्ठ सहायक	1	0	(-) 1 (100)
		अनुसेवक	2	3	(+) 1 (50)
जिला	**13**	जिला कार्यक्रम समन्वयक	जिलाधिकारी पदेन		
		अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक	मुख्य विकास अधिकारी पदेन		
		उप जिला कार्यक्रम समन्वयक	जिला विकास अधिकारी पदेन		
		लेखाकार	जिला स्तर पर उपलब्ध लेखाकार		
		कंप्यूटर प्रोग्रामर	13	8	(-) 5 (38)
		कंप्यूटर सहायक	13	9	(-) 4 (31)
विकास खण्ड	**95**	कार्यक्रम समन्वयक	खंड विकास अधिकारी इस कार्य का निर्वहन करते हैं।		
		विकास खण्ड अभियंता	आर ई एस/लघु सिंचाई के सहायक अभियंता इस कार्य का निर्वहन करते हैं।		
		उप कार्यक्रम अधिकारी	95	78	(-) 17 (18)
		सहायक लेखाकार	विकास खण्ड के लेखाकार इस कार्य का निर्वहन करते हैं		
		कंप्यूटर सहायक	95	87	(-) 8 (8)
ग्रा पं	**7,799**	सचिव ग्राम पंचायत	ग्राम विकास अधिकारी इस कार्य का निर्वहन करते हैं		
		कनिष्ठ अभियंता	552	309	(-) 243 (44)
		ग्राम रोजगार सहायक	1,413	742	(-) 671 (48)
कुल			***2,195***	***1242***	

उपरोक्त तालिका राज्य, जिला, विकास खण्ड और ग्राम पंचायत स्तरों के प्रमुख पदों पर कर्मचारियों की अत्यधिक कमी को उजागर करती है।

राज्य को पर्वतीय क्षेत्रों में प्रत्येक चार ग्राम पंचायतों के लिए और मैदानी क्षेत्रों में प्रत्येक छः ग्राम पंचायतों के लिए एक *ग्राम रोजगार सहायक* (ग्रा रो स) नियुक्त करना अपेक्षित है। ग्रा रो स पंजीकरण क्रिया की निगरानी, जॉब कार्ड के वितरण, ग्राम पंचायत एवं कार्यक्रम अधिकारी के मध्य सूचना के सुचारु एवं ससमय प्रवाह के लिए उत्तरदायी है। इसके अतिरिक्त, राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में 557 न्याय पंचायतों में से प्रत्येक के लिए एक क अभि और मैदानी क्षेत्रों की शेष 113 न्याय पंचायतों में प्रत्येक दो न्याय पंचायतों में एक क अभि तैनात कर सकता है।

चयनित जिलों में कर्मचारियों की स्थिति से संबंधित अभिलेखों की जाँच से ग्राम पंचायत स्तर पर आवश्यक कर्मचारियों की अत्यधिक कमी का पता चला। चयनित जिलों में, 2,195 ग्राम पंचायतों में आवश्यक 545 में से मात्र 178 की नियुक्ति के साथ ग्रा रो स के 67 *प्रतिशत* पद रिक्त थे। क अभि के लिए भी यही स्थिति थी, जहाँ आवश्यक 165 में से मात्र 74 पद भरे जाने के साथ 55 *प्रतिशत* पद रिक्त थे ***(परिशिष्ट-6.1)***।

उक्त के अतिरिक्त, चयनित विकास खण्ड स्तर पर आवश्यक कर्मचारियों की कमी एक महत्वपूर्ण मुद्दा था ***(परिशिष्ट-6.2)***। क अभि की कमी 27 *प्रतिशत* से 70 *प्रतिशत* के

मध्य थी जिससे प्रत्येक क अभि औसतन 23 से 42 ग्राम पंचायतों के लिए जिम्मेदार था। इसी प्रकार,[1] ग्रा रो स के लिए कमी 45 *प्रतिशत* से 83 *प्रतिशत* तक थी, जिससे प्रत्येक ग्रा रो स आठ ग्रा पं और 25 ग्रा पं के बीच प्रबंधन करता था जैसा कि नीचे **चार्ट-6.1** में दर्शाया गया है। ग्रा रो स और क अभि की सबसे अधिक कमी हवालबाग विकास खण्ड में थी, जहाँ कमी क्रमशः 83 *प्रतिशत और* 70 *प्रतिशत* थी।



कर्मचारियों की यह कमी मनरेगा परियोजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन और निगरानी को गंभीर रूप से बाधित कर सकती है और कार्य की गुणवत्ता और समय पर पूर्ण होने में बाधा डाल सकती है, खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में जहाँ भौगोलिक चुनौतियां कर्मचारियों की कमी के प्रभाव में वृद्धि करती है। कर्मचारियों की यह कमी मौजूदा कर्मचारियों पर काम के बोझ में भी वृद्धि कर सकती है, जिससे और अधिक अक्षमताएं पैदा हो सकती हैं।

बहिर्गमन गोष्ठी (जनवरी 2025) के दौरान, सचिव, ग्रा वि वि द्वारा अवगत कराया गया कि प्रशासनिक व्यय के लिए भारत सरकार द्वारा अपर्याप्त निधि अवमुक्त किए जाने के कारण, कम कर्मचारियों को तैनात किया गया था।

6.3 जिला स्तरीय तकनीकी समिति का गठन नहीं किया जाना

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के प्रस्तर 4.4.3 में अधिनियम के कार्यान्वयन का निरीक्षण करने के लिए जिला स्तरीय तकनीकी समिति (जि स्त त स) के गठन का प्रावधान है।

[1] नरेन्द्र नगर विकास खण्ड को छोड़कर जहाँ ग्रा रो स के स्वीकृत पद भरे थे।

इस समिति में संबंधित तकनीकी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ-साथ गैर-सरकारी संगठनों और शैक्षिक समुदाय के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाना अपेक्षित है। जि स्त त स परियोजना की सूची की जाँच करने, मनरेगा के अंतर्गत सामान्य कार्यों के लिए दरों की जिला-विशिष्ट अनुसूची तैयार करने, दरों का निर्धारण करने, गुणवत्ता मानकों को स्थापित करने और सामग्री के लिए आपूर्तिकर्ताओं को सूचीबद्ध करने के लिए जिम्मेदार है। इसके अतिरिक्त, समिति को मनरेगा के अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मानदंड स्थापित करने का भी कार्य सौंपा गया था।

लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि चयनित जिलों में से किसी में भी मनरेगा के कार्यान्वयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए जि स्त त स की स्थापना नहीं की गई थी। परिणामस्वरूप, ग्राम पंचायत और विकास खण्ड विकास योजनाओं का मूल्यांकन तकनीकी पहलुओं या जिला स्तरीय विकास प्राथमिकताओं के आधार पर नहीं किया जा सका। इसके अतिरिक्त, जि स्त त स के अभाव में, योजना के अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों की तकनीकी सुदृढ़ता का आश्वासन नहीं दिया जा सकता है जैसा कि ***अध्याय-5*** के ***प्रस्तरों-5.3.4, 5.4.2.1*** एवं ***5.4.2.2*** में चर्चा की गई है।

इंगित किए जाने पर, नमूना जाँच किए गए जनपदों के उप जिला परियोजना समन्वयकों (उप जि प स) ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया।

बहिर्गमन गोष्ठी (जनवरी 2025) में, सचिव, ग्रा वि वि ने आश्वासन दिया कि समिति का गठन किया जाएगा।

6.4 क्षमता निर्माण

मनरेगा के अंतर्गत परिकल्पित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए, मानव क्षमताओं के विकास को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इन क्षमताओं को आवश्यक कौशल और योग्यताओं से सुसज्जित किया जाना चाहिए ताकि वे अपनी निर्धारित जिम्मेदारियों को प्रभावी ढंग से पूरा कर सकें। इसके अतिरिक्त, इन मानव संसाधनों को एक मजबूत संस्थागत ढाँचे द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए जो निर्णय-समर्थन प्रणाली के रूप में कार्य करे, परिणामों की वास्तविक समय निगरानी की सुविधा प्रदान करे और मनरेगा के अंतर्गत कार्यान्वित योजनाओं का कुशल प्रबंधन सुनिश्चित करे।

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के प्रस्तर 5.2.2 में प्रावधान है कि प्रत्येक राज्य मनरेगा के अंतर्गत प्रशिक्षण संस्थानों की भूमिका निभाने वाले संस्थानों की पहचान और उन्हें

सक्रिय करने हेतु मनरेगा मानव संसाधन विकास और क्षमता निर्माण प्रभाग (मा सं वि और क्ष नि प्र) की स्थापना करेगा।

लेखापरीक्षा ने पाया कि राज्य स्तर पर मा सं वि और क्ष नि प्र को स्थापित नहीं किया गया था, जैसा कि अनिवार्य था। इसके स्थान पर, उत्तराखण्ड ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (उ ग्रा वि और पं रा सं), रुद्रपुर द्वारा प्रशिक्षण आयोजित किये गए थे। उ ग्रा वि और पं रा सं, रुद्रपुर द्वारा प्रदान की गई जानकारी के आधार पर, 2019-24 के दौरान मनरेगा से संबंधित कुल 24 प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए, जिसमें 764 कर्मियों ने भाग लिया। इनमें से 22 सत्र उत्तराखण्ड सोशल ऑडिट अकाउंटेबिलिटी एंड ट्रांसपेरेंसी एजेंसी (यू एस ए ए टी ए) के प्रशिक्षण कर्मचारियों को समर्पित थे, जबकि केवल दो सत्रों में विशेष रूप से योजना को लागू करने के लिए जिम्मेदार मनरेगा क्षेत्र के पदाधिकारियों को लक्षित किया गया था, जिसमें कुल 36 उपस्थिति थी।

उक्त के अतिरिक्त, 2019-20 और 2023-24 के मध्य, टिहरी गढ़वाल जिले में भिलंगना विकास खण्ड के मात्र तीन कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया, जबकि नरेंद्र नगर विकास खण्ड के किसी भी कार्मिक ने प्रतिभाग नहीं किया। अल्मोड़ा जिले के हवालबाग विकास खण्ड से सात और ताकुला विकास खण्ड से आठ कार्मिकों ने इसी अवधि के दौरान प्रशिक्षण सत्रों में प्रतिभाग किया।

अपर्याप्त और अपूर्ण प्रशिक्षण के कारण, योजना की लेखापरीक्षा के दौरान कार्यान्वयन में अनेक कमियां पाई गई। इनमें श्रम बजट तैयार करने में विलंब, अनुमोदित कार्यों के निष्पादन में विलंब, जॉब कार्डों को अद्यतन करना तथा अन्य परिचालन संबंधी कमियां सम्मिलित हैं, जैसा कि इस रिपोर्ट के विभिन्न प्रस्तरों में चर्चा की गई है। प्रभावी क्षमता निर्माण की यह कमी मनरेगा कर्मियों को सशक्त बनाने के लिए एक मजबूत प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे की आवश्यकता पर प्रकाश डालती है, जैसा कि योजना के परिचालन दिशानिर्देशों के अंतर्गत कल्पना की गई है।

बहिर्गमन गोष्ठी (जनवरी 2025) में, सचिव ग्रा वि वि ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया है।

6.5 सूचना, शिक्षा और प्रसार योजना तैयार नहीं किया जाना

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के प्रस्तर 5.4.2 में निर्धारित किया गया है कि सभी राज्यों को पंजीकृत कामगारों और अन्य संभावित लाभार्थियों को लक्षित करते हुए

योजना के लिए सूचना, शिक्षा और प्रसार (सू शि और प्र) योजना अवश्य विकसित करनी चाहिए। सू शि और प्र योजना में राज्य, जिला, विकास खण्ड और स्थानीय स्तरों पर गतिविधियों का विवरण होना चाहिए।

हालांकि, अभिलेखों की जाँच से पता चला कि 2019 से 2024 की अवधि के लिए राज्य, चयनित जिला अथवा विकास खण्ड स्तरों पर कोई सू शि और प्र योजना तैयार नहीं की गई थी। चयनित विकास खण्ड के का अ ने स्वीकार किया कि सू शि और प्र योजना को औपचारिक रूप नहीं दिया गया था, यद्यपि रोजगार दिवस और सरकारी कार्यालयों/पंचायत भवनों में वाल पेंटिंग जैसे कुछ सू शि और प्र कार्यकलाप आयोजित किए गए थे। एक संरचित सू शि और प्र योजना के अभाव में 200 लाभार्थियों के सर्वेक्षण में जागरूकता से संबंधित निम्नलिखित महत्वपूर्ण कमियाँ पाई गई:

- 147 लाभार्थी (73.5 *प्रतिशत*) मजदूरी के भुगतान की समय-सीमा के संबंध में अनभिज्ञ थे।
- 46 लाभार्थियों (23 *प्रतिशत*) को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में 100 दिनों के रोजगार की न्यूनतम आवश्यकता के संबंध में सूचित नहीं किया गया था।
- 21 लाभार्थी (10.5 *प्रतिशत*) मजदूरी के अपने अधिकार से अनभिज्ञ थे।
- 184 लाभार्थी (92 *प्रतिशत*) बेरोजगारी भत्ते के भुगतान के संबंध में अनभिज्ञ थे।
- 194 लाभार्थी (97 *प्रतिशत*) लोकपाल के संबंध में अनभिज्ञ थे।

औपचारिक सू शि और प्र योजना के अभाव के कारण कई हितधारकों को कार्यक्रम के महत्वपूर्ण पहलुओं के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई, जिससे योजना की प्रभावशीलता प्रभावित हुई।

बहिर्गमन गोष्ठी (जनवरी 2025) के दौरान, सचिव ग्रा वि वि ने लेखापरीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया।

6.6 रोजगार दिवस के आयोजन में कमी

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 का प्रस्तर 3.3 (i) अधिदेशित करता है कि प्रत्येक ग्रा पं को कार्य के लिए आवेदन आमंत्रित करने, इन आवेदनों को संसाधित करने और कार्य आवंटन और मजदूरी भुगतान जैसे संबंधित कार्यों को संभालने के लिए मासिक रूप से रोजगार दिवस आयोजित करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक मास्टर परिपत्र के प्रस्तर 4.5.1 में जि का स द्वारा नियमित आधार पर राज्य को रिपोर्ट प्रस्तुत करना अपेक्षित है।

लेखापरीक्षा ने 2019-24 से कई मुद्दों की पहचान की:

- चयनित ग्रा पं[2] में रोजगार दिवस के आयोजन में काफी कमी थी जिसमें 73 *प्रतिशत* से 92 *प्रतिशत* तक की कमियां थीं।
- जनपद एवं विकास खण्ड स्तरीय अधिकारी अक्सर रोजगार दिवस के आयोजनों से अनभिज्ञ थे, तथा दोनों स्तरों पर अपर्याप्त डेटा प्रबंधन था।
- जि का स नियमित रूप से राज्य को अपेक्षित रिपोर्टें प्रेषित करने में असफल रही।

उपर्युक्त रोजगार दिवस के कार्यान्वयन और रिपोर्टिंग में चूक को प्रकाशित करता है, जो प्रभावी रोजगार सृजन और मजदूरी भुगतान प्रक्रियाओं को सुनिश्चित करने के लिए बेहतर जागरूकता, डेटा प्रबंधन, दिशानिर्देशों के अनुपालन और लगातार रिपोर्टिंग की आवश्यकता को दर्शाता है।

विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि रोजगार दिवस आयोजित करने के लिए जिलों को निर्देश जारी किए जाएंगे।

6.7 निष्कर्ष

रा रो ग प के अनुचित कामकाज और अपर्याप्त मानव संसाधन प्रबंधन ने निरीक्षण और परिचालन दक्षता को बाधित किया। जि स्त त स की अनुपस्थिति ने तकनीकी मूल्यांकन और परिसंपत्ति गुणवत्ता से समझौता किया, जबकि अपर्याप्त क्षमता निर्माण और सू शि और प्र योजना की कमी ने प्रमुख हितधारकों को कम प्रशिक्षित और अनभिज्ञ छोड़ दिया। उक्त के अतिरिक्त, रोजगार दिवस के आयोजन में महत्वपूर्ण चूक परिचालन दिशानिर्देशों के अनुपालन में कमी दर्शाती है।

6.8 अनुशंसा

विभाग को कार्यप्रणाली में कमियों को रोकने के लिए रा रो ग प और जि स्त त स की समय पर नियुक्ति सुनिश्चित करनी चाहिए। निर्धारित त्रैमासिक बैठकों के अनुपालन एवं जागरूकता और क्षमता निर्माण तंत्र को मजबूत किया जाना चाहिए।

[2] भिलांगना विकास खण्ड की चयनित ग्राम पंचायतों ने रोजगार दिवस के आयोजन के संबंध में अपेक्षित सूचना उपलब्ध नहीं कराई है।

अध्याय-7
शिकायत निवारण, निगरानी एवं आंतरिक नियंत्रण

अध्याय - 7

शिकायत निवारण, निगरानी एवं आंतरिक नियंत्रण

किसी भी योजना की सफलता के लिए प्रभावी निगरानी आवश्यक है, क्योंकि यह उचित आश्वासन प्रदान करती है कि संचालन प्रभावी एवं कुशलतापूर्वक किया जा रहा है। अधिनियम के अनुसार योजना का व्यापक एवं निरंतर मूल्यांकन सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षण के साथ-साथ नियमित आधार पर क्षेत्र दौरे एवं नमूना जाँच भी की जानी अपेक्षित थी। अभिलेखों का उचित रख-रखाव भी विशेष रूप से पारदर्शिता और जवाबदेही के दृष्टिकोण से योजना के कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण कारकों में से एक है।

हालाँकि, योजना के प्रावधानों के विपरीत, लेखापरीक्षा ने पाया कि राज्य, जिला, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत (ग्रा पं) स्तर पर निगरानी प्रणाली अनुचित एवं अपर्याप्त थी। योजना की लेखापरीक्षा के दौरान कई कमियाँ पाई गईं, जैसा कि नीचे चर्चा की गई है:

7.1 राज्य एवं जिला गुणवत्ता निरीक्षक

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के प्रस्तरों 14.8 (vi) एवं 14.10.4 के संदर्भ में राज्य गुणवत्ता निरीक्षक (रा गु नि) कम से कम पाँच *प्रतिशत* कार्य, जो प्रगति पर हैं तथा पाँच *प्रतिशत* कार्य जो एक वर्ष के भीतर पूर्ण हो चुके हैं, का निरीक्षण करेगा ताकि प्रक्रिया गुणवत्ता पहलुओं का मूल्यांकन किया जा सके। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार द्वारा जारी वार्षिक मास्टर परिपत्र के प्रस्तर 7.12.1 के अनुसार, एक जिला गुणवत्ता निगरानी (जि गु नि) प्रकोष्ठ होगा जिसमें 10 से 15 तकनीकी कर्मचारियों का पैनल होगा। ये कर्मचारी योजना के अंतर्गत निष्पादित कम से कम ₹ तीन लाख एवं उससे अधिक के व्यय के कच्चे कार्यों तथा ₹ पाँच लाख एवं उससे अधिक व्यय के पक्के कार्यों के कम से कम 10 *प्रतिशत* कार्यों की निगरानी एवं मूल्यांकन करेंगे।

राज्य मनरेगा प्रकोष्ठ द्वारा प्रदान किए गए अभिलेखों एवं सूचना की जाँच से ज्ञात हुआ कि 2019-24 की अवधि के दौरान रा गु नि की नियुक्ति नहीं की गयी थी। इसके अतिरिक्त, तीन वर्षों की अवधि के लिए कुल 13 जिलों में से मात्र तीन जिलों[1] में जि गु नि नियुक्त किए गए थे। चयनित जिलों में रा गु नि/ जि गु नि की नियुक्ति न किए जाने के कारण कार्य की प्रगति अथवा पूर्ण होने के दौरान कार्य की गुणवत्ता अथवा प्रामाणिकता हेतु किसी कार्य का निरीक्षण नहीं किया गया था।

[1] देहरादून, हरिद्वार एवं उत्तरकाशी जनपद (02/2020 से 02/2023)।

रा गु नि द्वारा निरीक्षण की कमी एवं अपर्याप्त जि गु नि निगरानी के कारण परियोजना निष्पादन के दौरान तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता मापदंडों के पालन को सुनिश्चित करने में विफलता हुई। इससे मनरेगा के अंतर्गत सृजित परिसंपत्तियों के अधोमानक होने का जोखिम बढ़ गया जैसा कि ***अध्याय-5*** के ***प्रस्तर-5.3.3, 5.3.4, 5.4.2.1 एवं 5.4.2.2*** में चर्चा की गई है।

विभाग ने बहिर्गमन गोष्ठी के दौरान प्रस्तुत अपने उत्तर में लेखापरीक्षा टिप्पणी को स्वीकार किया।

7.2 शिकायत निवारण तंत्र का अस्तित्व

पारदर्शिता एवं जवाबदेही के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, राज्य सरकार को योजना के कार्यान्वयन से संबंधित शिकायतों के निवारण के लिए राज्य में लोकपाल का कार्यालय स्थापित करना अपेक्षित था। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार से यह अपेक्षा थी कि वह मनरेगा के कार्यान्वयन के संबंध में किसी भी शिकायत के निपटान के लिए जिला एवं विकास खण्ड स्तरों पर उपयुक्त शिकायत निवारण तंत्र निर्धारित करे एवं ऐसी शिकायतों के निपटान के लिए प्रक्रिया निर्धारित करे।

शिकायत निवारण तंत्र के अस्तित्व से संबंधित लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर आगामी प्रस्तरों में चर्चा की गई है।

7.2.1 लोकपाल की नियुक्ति

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के प्रस्तर 13.14 में प्रावधान है कि राज्य सरकार योजना के कार्यान्वयन से संबंधित शिकायतों के शीघ्र निवारण के लिए सभी जिलों में लोकपाल का कार्यालय स्थापित करेगी। आवश्यकता के आधार पर, कार्यभार पर निगरानी के लिए प्रारंभ में दो जिलों के लिए एक लोकपाल नियुक्त किया जा सकता है। लोकपाल के मुख्य कर्तव्य निम्नानुसार हैं:

- मुख्य सचिव एवं मनरेगा के प्रभारी सचिव को मासिक एवं वार्षिक रिपोर्ट तथा कार्यादेशों की सूची प्रेषित करना।
- मनरेगा के दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध की जाने वाली कार्रवाई को उजागर करना।
- लोकपाल द्वारा निस्तारित किए गए प्रकरणों की सारांश रिपोर्ट रा रो ग प को प्रेषित करना तथा यह राज्य विधानमंडल में प्रस्तुत की जाने वाली रा रो ग प द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट का भी हिस्सा होगी।

लेखापरीक्षा ने समीक्षा अवधि (2019-24) के दौरान टिहरी गढ़वाल एवं अल्मोड़ा जिलों की नमूना जाँच में लोकपाल की नियुक्ति के मध्य अंतराल पाया गया। टिहरी गढ़वाल में लोकपाल का पद 01 अप्रैल 2019 से 10 फरवरी 2020 के मध्य रिक्त रहा एवं लोकपाल के कार्यकाल के दौरान प्राप्त 32 शिकायतों में से मात्र 13 का निपटान किया गया। हालाँकि, उप जिला परियोजना समन्वयक (उप जि प स) ने इन शिकायतों से संबंधित अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये।

अल्मोड़ा जिले में, लोकपाल की रिक्तियों के लिए 02 अप्रैल 2020 से 24 फरवरी 2021 के मध्य एवं 25 फरवरी 2023 से 21 मई 2023 के मध्य के दो अंतराल थे। कुछ निश्चित अवधि (01 अप्रैल 2019 से 01 अप्रैल 2020 एवं 25 फरवरी 2021 से 24 फरवरी 2023) के दौरान निस्तारित की गई शिकायतों के अभिलेख भी नमूना जाँच के लिए प्रस्तुत नहीं किए गए थे। इन मुद्दों के बावजूद, लोकपाल ने जून 2023 से मार्च 2024 तक प्राप्त सभी 19 शिकायतों का निपटान किया।

शिकायतों से संबंधित अभिलेखों की अनुपलब्धता ने शिकायत निपटान की गुणवत्ता के मूल्यांकन एवं अनुशंसित कार्यवाही के अनुपालन को सीमित कर दिया।

विभाग ने लेखापरीक्षा टिप्पणी को स्वीकार किया।

7.2.2 शिकायत पंजिका का रख-रखाव न करना

मनरेगा की धारा 23 (6) के अनुसार, कार्यक्रम अधिकारी (का अ) को शिकायत पंजिका का रख-रखाव करना एवं सात दिनों के भीतर शिकायतों का समाधान करना अपेक्षित है। अन्य प्राधिकरणों द्वारा समाधान की आवश्यकता वाली शिकायतों को शिकायतकर्ता को सूचित करते हुए तदनुसार अग्रेषित किया जाना चाहिए। परिचालन दिशानिर्देश, 2013 (प्रस्तर 10.3.9) में निगरानी प्रयोजनों के लिए ग्रा पं, विकास खण्ड एवं जिला स्तरों पर शिकायत पंजिका के रख-रखाव हेतु अधिदेश है।

अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि टिहरी गढ़वाल जिले में, उप जि का स ने 2019-24 के दौरान शिकायत पंजिका का रख-रखाव नहीं किया था तथा जिले के सभी चयनित विकास खण्डों में भी शिकायत पंजिका उपलब्ध नहीं थी। अल्मोड़ा जिले में, 2022-24 की अवधि के लिए जिला स्तर पर एक शिकायत पंजिका का रख-रखाव किया गया था, जिसमें 65 शिकायतें दर्ज की गई थीं। इनमें से 55 सामान्य प्रकृति की थी, जबकि 10 विलंबित मजदूरी भुगतान से संबंधित थी, जिनमें से सभी को शीघ्रता से निस्तारित किया गया था। हालाँकि, किसी भी चयनित विकास खण्ड में किसी भी शिकायत पंजिका का रख-रखाव नहीं किया गया था।

उप जि का स कार्यालयों एवं चयनित विकास खण्डों में शिकायत पंजिका का रख-रखाव न होने के कारण लेखापरीक्षा प्राप्त शिकायतों की संख्या एवं उनके निपटान की पुष्टि करने में असमर्थ रहा, जिससे जवाबदेही एवं शिकायत निवारण तंत्र की प्रभावकारिता से समझौता हुआ।

विभाग ने उत्तर दिया कि शिकायत पंजिका तैयार करने एवं रख-रखाव के लिए जिलों को निर्देश जारी किए जाएंगे।

7.3 सतर्कता तंत्र का अनुपालन न करना

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के प्रस्तरों 13.6.2, 13.6.3 तथा 13.6.4 में मनरेगा कार्यान्वयन के प्रभावी निगरानी के लिए विभिन्न स्तरों पर सतर्कता तंत्र स्थापित करने का अधिदेश दिया गया है। इसमें निम्नलिखित सम्मिलित हैं:

- मुख्य सतर्कता अधिकारी (मु स अ) की अध्यक्षता में एक **राज्य-स्तरीय सतर्कता प्रकोष्ठ**।
- जिला प्राधिकरण के अधीन एक **जिला स्तरीय सतर्कता प्रकोष्ठ**।
- ग्राम सभा के अनुमोदन से गठित स्थानीय स्तर पर **सतर्कता एवं निगरानी समितियां (स एवं नि स)**।

इन निकायों को शिकायतें प्राप्त करने, अनियमितताओं की पहचान करने के लिए नियमित रूप से क्षेत्रीय दौरा करने, मीडिया रिपोर्टों के आधार पर स्वतः संज्ञान लेने एवं कार्यस्थलों पर श्रमिकों के साथ संपर्क करने का कार्य सौंपा गया था।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि राज्य एवं चयनित जिला स्तरों पर, 2019-24 के दौरान कोई सतर्कता प्रकोष्ठ गठित नहीं किया गया था। ग्राम स्तर पर, टिहरी गढ़वाल जिले की चयनित ग्रा पं में स एवं नि स का गठन किया गया था, हालाँकि, अल्मोड़ा जिले की चयनित ग्रा पं में इसका गठन नहीं किया गया था।

राज्य, चयनित जिला एवं ग्राम स्तर पर सतर्कता प्रकोष्ठों की अनुपस्थिति के परिणामस्वरूप निगरानी में महत्वपूर्ण चूक हुई। कार्यस्थलों की निगरानी करने एवं अनियमितताओं को दूर करने में विफलता ने 2019-24 की अवधि के दौरान मनरेगा कार्यों के निष्पादन में हुई विभिन्न कमियों में योगदान दिया (जैसा कि ***अध्याय-5*** के ***प्रस्तरों-5.3.1*** से ***5.3.4*** में चर्चा की गई है)। यह योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आवश्यक शासन एवं जवाबदेही तंत्र में एक महत्वपूर्ण कमी को दर्शाता है।

इंगित किए जाने पर परियोजना समन्वयक, राज्य मनरेगा प्रकोष्ठ, देहरादून, नमूना जाँच किए गए जिलों के उप जि प स एवं चयनित विकास खण्डों के का अ द्वारा लेखापरीक्षा टिप्पणी को स्वीकार किया गया।

7.4 सामाजिक लेखापरीक्षा

मनरेगा की एक नवीन विशेषता यह है कि इसने सतत जन सतर्कता के साधन के रूप में सामाजिक लेखापरीक्षा को संस्थागत रूप दिया है। सामाजिक लेखापरीक्षा का मूल उद्देश्य परियोजनाओं, कानूनों एवं नीतियों के कार्यान्वयन में सार्वजनिक उत्तरदायित्व सुनिश्चित करना है।

उत्तराखण्ड सामाजिक लेखापरीक्षा जवाबदेही एवं पारदर्शिता एजेंसी (उ सा ले ज पा ए), देहरादून राज्य में मनरेगा के अंतर्गत सामाजिक लेखापरीक्षा के सम्पादन के लिए जिम्मेदार थी।

7.4.1 अपेक्षित सामाजिक लेखापरीक्षा में कमी

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के प्रस्तरों 13.1.1 एवं 13.2.2 में यह प्रावधान है कि सामाजिक लेखापरीक्षा इकाई (सा ले इ) ग्राम सभा में सामाजिक लेखापरीक्षा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य, जिला, विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तरों पर संसाधन व्यक्तियों की उपयुक्त संख्या की पहचान करेगी। सामाजिक लेखापरीक्षा के निम्नलिखित आयाम हैं:

- एक सतत एवं प्रगतिशील प्रक्रिया जिसमें लोक सतर्कता एवं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में कार्यों की मात्रा एवं गुणवत्ता का सत्यापन सम्मिलित हो; एवं
- एक प्रक्रिया जिसमें सभी पहलुओं की अनिवार्य समीक्षा सम्मिलित करते हुए प्रत्येक ग्रा पं में छः महीने में कम से कम एक बार आयोजित की जाए।

लेखापरीक्षा ने पाया कि सा ले इ ने अपेक्षित छमाही के सापेक्ष एक वार्षिक सामाजिक लेखापरीक्षा योजना तैयार की जिसमें परिचालन दिशानिर्देशों से विचलन था।

राज्य में 2019-24 के दौरान संपादित सामाजिक लेखापरीक्षा की स्थिति नीचे **तालिका-7.1** में दी गई है:

तालिका-7.1: राज्य में संपादित सामाजिक लेखापरीक्षा की स्थिति

वर्ष	राज्य में कुल ग्राम पंचायतें	सामाजिक लेखापरीक्षा के लिए नियोजित ग्राम पंचायतों की संख्या	सामाजिक अंकेक्षण किया गया	सामाजिक लेखापरीक्षा में कमी	कमी प्रतिशतता
2019-20	7,831	7,791	2,333	5,498	70
2020-21	7,823	936	595	7,228	92

वर्ष	राज्य में कुल ग्राम पंचायतें	सामाजिक लेखापरीक्षा के लिए नियोजित ग्राम पंचायतों की संख्या	सामाजिक अंकेक्षण किया गया	सामाजिक लेखापरीक्षा में कमी	कमी प्रतिशतता
2021-22	7,823	7,791	1,239	6,584	84
2022-23	7,804	7,795	1,475	6,329	81
2023-24	7,799	7,795	1,956	5,843	75

स्रोत: विभागीय आँकड़े।

उपर्युक्त तालिका से यह देखा जा सकता है कि राज्य में 70 *प्रतिशत* से 92 *प्रतिशत* के मध्य ग्रा पं की लेखापरीक्षा नहीं की गई।

चयनित जिलों में सामाजिक लेखापरीक्षा सम्पादन में कमी 79 *प्रतिशत* एवं 99 *प्रतिशत के मध्य थी* ***(परिशिष्ट-7.1)***। चयनित विकास खण्डों में सामाजिक लेखापरीक्षा सम्पादन में कमी 76 *प्रतिशत* एवं 100 *प्रतिशत* के मध्य थी ***(परिशिष्ट-7.1 क)***। उक्त के अतिरिक्त, चयनित ग्रा पं में यह 80 *प्रतिशत* एवं 100 प्रतिशत के मध्य थी ***(परिशिष्ट-7.1 ख)***।

नमूना जाँच किए गए जिलों की चयनित 16 ग्रा पं के अभिलेखों की जाँच में पाया गया कि 2019-24 के दौरान चार ग्रा पं में एक बार भी सामाजिक लेखापरीक्षा नहीं की गई थी, जबकि 12 ग्रा पं में यह आंशिक रूप से संपादित की गई थी। चयनित ग्रा पं में निम्नलिखित प्रकार की आपत्तियाँ पाई गईं:

- रोजगार दिवस का आयोजन न करना,
- कार्य प्राप्त करने में असमर्थता, कार्य स्थल सुविधाओं का प्रावधान न करना एवं शिकायत निवारण,
- कार्य अभिलेखों जैसे प्रशासनिक एवं तकनीकी स्वीकृति, संपत्ति पंजिका, मस्टर रोल, एमबी एवं वाउचर्स प्रस्तुत न किया जाना,
- कार्य अभिलेखों का रख-रखाव न करना,
- जॉब कार्ड से संबंधित मुद्दे,
- कार्यों की मांग के लिए आवेदनों का संग्रहण न करना,

जैसा कि ऊपर दर्शाया गया है, सामाजिक लेखापरीक्षा के निष्कर्ष लेखापरीक्षा द्वारा उजागर किए गए निष्कर्षों के साथ संरेखित हैं। यह इंगित करता है कि विभाग इच्छित लाभार्थियों के लाभ के लिए योजना के कार्यान्वयन को सुदृढ़ करने हेतु सामाजिक लेखापरीक्षा तंत्र को उपयोग करने के अवसर से चूक गया। एक विस्तारित अवधि में सतत अनियमितताएं योजना में आश्रित आबादी के विश्वास को क्षीण कर सकती हैं।

विभाग द्वारा अपने उत्तर में तथ्यों को स्वीकार किया गया एवं अवगत कराया कि उनके द्वारा प्रत्येक वर्ष 100 *प्रतिशत* ग्रा पं के लिए सामाजिक लेखापरीक्षा आयोजित करने की योजना तैयार की है। हालाँकि, इसकी प्राप्ति पर्याप्त बजट की उपलब्धता पर निर्भर थी। दुर्भाग्यवश, उ सा ले ज पा ए को समय पर आवश्यक बजट प्रदान नहीं किया गया। इस प्रकार तथ्य यह है कि सामाजिक लेखापरीक्षा के माध्यम से निष्पादित किए जाने वाले कार्य के सभी पहलुओं को शामिल करते हुए अनिवार्य समीक्षा का उद्देश्य अधूरा रह गया।

7.4.2 सामाजिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों के निस्तारण में भारी लंबितता

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के पैरा 13.4.2 में प्रावधान है कि जिला कार्यक्रम समन्वयक (जि का स) यह सुनिश्चित करेगा कि सामाजिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन पर समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई की जाए।

यह पाया गया कि सा ले इ ने पूरे राज्य के लिए 2019-24 के दौरान 88,915 लेखापरीक्षा टिप्पणियाँ निर्गत की थी। तथापि, सुधारात्मक उपाय मात्र 52,173 सामाजिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों में ही किए गए थे। राज्य स्तर पर की गयी सामाजिक लेखापरीक्षा एवं टिप्पणियों की स्थिति नीचे **तालिका-7.2** में दी गई है:

तालिका-7.2: राज्य में सामाजिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों की लंबितता

वर्ष	निर्गत की गई सामाजिक अंकेक्षण टिप्पणियाँ	सामाजिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों का निपटान	अनिस्तारित सामाजिक लेखापरीक्षा टिप्पणियाँ	अनिस्तारित टिप्पणियों का *प्रतिशत*
2019-20	27,391	26,738	653	2
2020-21	10,283	9,079	1,204	12
2021-22	12,631	8,309	4,322	34
2022-23	16,428	5,569	10,859	66
2023-24	22,182	2,478	19,704	89
कुल	***88,915***	***52,173***	***36,742***	***41***

स्रोत: विभागीय आँकड़े एवं नरेगासॉफ्ट आँकड़ें।

उपर्युक्त आँकड़ों से ज्ञात होता है कि दो *प्रतिशत* से 89 *प्रतिशत* के मध्य की सामाजिक लेखापरीक्षा टिप्पणियाँ सुधारात्मक उपायों के अभाव में लंबित थीं।

इसके अतिरिक्त, चयनित ग्रा पं में, 2019-24 के दौरान निर्गत की गयी 152 टिप्पणियों के सापेक्ष 118 सामाजिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों में सुधारात्मक उपाय किए गए। जबकि शेष टिप्पणियाँ एक से पाँच वर्ष तक लंबित रहीं ***(परिशिष्ट-7.2)।***

विभाग ने अपने उत्तर में अवगत कराया कि लंबित टिप्पणियों के निपटान के लिए विभिन्न स्तरों से जनपदों को अनुदेश जारी किए गए हैं।

7.4.3 सामाजिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों से संबंधित राशि की कम वसूली

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के पैरा 13.4.2 में प्रावधान है कि जि का स यह सुनिश्चित करेगा कि सामाजिक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन पर समयबद्ध सुधारात्मक कार्रवाई की जाए। सामाजिक लेखापरीक्षा के अंतर्गत वसूल की गई राशि की नियमित निगरानी के लिए एम आई एस में एक अलग प्रतिवेदन "प्रतिवेदन आर.9.2.6" वित्तीय दुर्विनियोजन वसूली रिपोर्ट सम्मिलित की गयी है ताकि राज्यों एवं केंद्रीय शासित प्रदेशों को निर्णित प्रकरणों और उनकी वसूली की प्रगति की निगरानी को सरल बनाया जा सके। सामाजिक लेखापरीक्षा में जारी किए गए प्रकरणों एवं उनके विरुद्ध की गई वसूली की स्थिति नीचे **तालिका-7.3** में दी गई है:

तालिका-7.3: राज्य में सामाजिक लेखापरीक्षा में जारी किए गए प्रकरणों पर राशि की वसूली

वर्ष	सूचित किए गए प्रकरणों की कुल संख्या	सा ले इ द्वारा रिपोर्ट की गई वित्तीय एम आई एस दुर्विनियोग राशि	उन प्रकरणों की संख्या जिनमें वसूली की गयी है	वसूली गई राशि	लंबित वसूली राशि (*प्रतिशत में*)
					(लाख रुपये में)
2019-20	588	71.32	61	5.97	65.35 (92)
2020-21	549	155.25	100	10.84	144.41 (93)
2021-22	204	18.27	24	0.70	17.57 (96)
2022-23	443	89.44	40	2.70	86.74 (97)
2023-24	411	55.95	8	15.09	40.86 (73)
कुल	***2,195***	***390.23***	***233***	***35.30***	***354.93 (91)***

स्रोत: विभागीय आँकड़े।

यह पाया गया कि सम्पूर्ण राज्य में वर्ष 2019-24 के दौरान सा ले इ द्वारा ₹ 390.23 लाख के वित्तीय दुर्विनियोजन से संबंधित 2195 लेखापरीक्षा टिप्पणियाँ निर्गत की गयी। हालाँकि, मात्र 233 सामाजिक लेखापरीक्षा टिप्पणियों पर ही वसूली की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी थी जिसकी राशि ₹ 35.30 लाख थी। परिणामस्वरूप, राज्य में ₹ 354.93 लाख की एक बड़ी राशि वसूली हेतु लंबित है।

चयनित जिलों में सूचित वित्तीय दुर्विनियोजन के लिए वसूली की दक्षता अपर्याप्त पाई गई। टिहरी गढ़वाल जिले में, भिलांगना विकास खण्ड में ₹ 15.07 लाख के सूचित दुर्विनियोजन की तुलना में मात्र ₹ 0.31 लाख की वसूली की गई और वसूल की गई

राशि के जमा कराने से संबंधित भी कोई विवरण नहीं दिया गया था। उक्त के अतिरिक्त, नरेन्द्र नगर विकास खण्ड में ₹ 0.69 लाख के सूचित वित्तीय दुर्विनियोजन के लिए कोई वसूली नहीं की गई। इसी प्रकार, अल्मोड़ा जनपद में हवलबाग विकास खण्ड में ₹ 0.04 लाख एवं ताकुला विकास खण्ड में ₹ 0.55 लाख के सूचित दुर्विनियोजन के लिए कोई वसूली नहीं की गई।

इंगित किए जाने पर उ सा ले ज पा ए ने तथ्यों को स्वीकार किया एवं वसूली जाने वाली वास्तविक राशि के संबंध में अवगत कराया की धनराशि ₹ 354.93 लाख के स्थान पर ₹ 245.01 लाख है। उक्त के अतिरिक्त, उ सा ले ज पा ए ने अवगत कराया कि नरेगासॉफ्ट में दर्ज वित्तीय दुर्विनियोजन के निर्णीत प्रकरणों एवं लंबित प्रकरणों में अंतर है। यदपि, प्रकरण को निदेशक, मनरेगा, ग्रामीण विकास, भारत सरकार को (अप्रैल 2024) समाधान हेतु प्रेषित किया गया है।

विभाग द्वारा अपने उत्तर में अवगत कराया कि लंबित टिप्पणियों के निपटान के लिए विभिन्न स्तरों से जनपदों को अनुदेश जारी किए गए हैं।

7.4.4 सामाजिक लेखापरीक्षा के लिए अपर्याप्त मानव संसाधन प्रबंधन

परिचालन दिशानिर्देश, 2013 के प्रस्तर 13.2.2 के अनुसार सा ले इ उपयुक्त संख्या में राज्य संसाधन व्यक्तियों (रा सं व्य), जिला संसाधन व्यक्तियों (जि सं व्य), विकास खण्ड संसाधन व्यक्तियों (वि ख सं व्य) एवं ग्राम संसाधन व्यक्तियों (ग्रा सं व्य) की पहचान करेगा ताकि ग्राम सभा को सामाजिक लेखापरीक्षा करने में सुविधा प्रदान की जा सके।

सा ले इ में स्वीकृत पदों के सापेक्ष कर्मचारियों की उपलब्धता **तालिका-7.4** में दी गई है:

तालिका-7.4: विभिन्न स्तरों पर कर्मचारियों की कमी

पद का नाम	स्वीकृत पद	कार्यरत पद	(+) आधिक्य / (-) कमी (*प्रतिशत* में)
निदेशक	01	01	-
वित्त नियंत्रक	01	01	-
राज्य समन्वयक	01	01	-
राज्य संसाधन व्यक्ति	02	02	-
लेखाकार	01	01	-
डाटा एंट्री ऑपरेटर	05	05	-
जिला संसाधन व्यक्ति	13	9	(-) 31
विकास खण्ड संसाधन व्यक्ति	95	63	(-) 34
